उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 06/2025/24/छप्पन-2025-05/2011
लखनऊ: दिनांक 15 जनवरी, 2025

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री लवप्रीत सिंह को शासनादेश संख्या-1536/छप्पन-10-26/08 टी0सी0 दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा रू0 1.25 लाख (रूपए एक लाख पच्चीस हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 01 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री लवप्रीत सिंह द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2011 को हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। तदोपरान्त शासनादेश सं0-1654/छप्पन-11-05/11 दिनांक 09 जनवरी, 2012 द्वारा उनकी संविदा अवधि दिनांक 10.01.2012 से अग्रेतर 02 वर्ष, शासनादेश संख्या-78/ छप्पन-14-05/11 दिनांक 03 मार्च, 2014 द्वारा 01 वर्ष, शासनादेश संख्या-196/छप्पन-2016-05/11 दिनांक 26 फरवरी, 2016 द्वारा 01 वर्ष, शासनादेश संख्या-38/2017/1596/छप्पन-2016-5/2011 दिनांक 13 अप्रैल, 2017 द्वारा 03 वर्ष तथा शासनादेश संख्या-74/2019/1727/छप्पन-2019-05/2011 दिनांक 02 सितम्बर, 2019 द्वारा 05 वर्ष के लिए बढ़ाई गयी थी, जो दिनांक 09.01.2025 को समाप्त हो रही है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा पत्र संख्या-312/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/ 2024 दिनांक 01 जनवरी, 2025 के माध्यम से हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री लवप्रीत सिंह की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,85,058/- (रूपये दो लाख पचासी हजार अट्ठावन मात्र) पर दिनांक 10 जनवरी, 2025 से अग्रेत्तर 05 वर्ष अर्थात दिनांक 09 जनवरी, 2029 तक के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई के अन्तर्गत हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री लवप्रीत सिंह की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,85,058/- (रूपये दो लाख पचासी हजार अट्ठावन मात्र) पर दिनांक 10 जनवरी, 2025 से आगामी 02 वर्ष (अर्थात 09 जनवरी, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री लवप्रीत सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री लवप्रीत सिंह से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या: 06/2025/24/छप्पन-2025, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि श्री लवप्रीत सिंह, हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री लवप्रीत सिंह, हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।